Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Re. Construction of Hostel for Students of Jawahar Navodaya Vidyalayas in Shrawasti and Balrampur Districts in Uttar Pradesh and deployment of adequate staff in Kendriya Vidyalayas in the Districts.

श्री रामशिरोमणि वर्मा (श्रावस्ती) : सभापति महोदया, हमारे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती के जिला श्रावस्ती एवं जिला बलरामपुर में जवाहर नवोदय विद्यालय में शिक्षा संचालित होती है । यहां प्रतिवर्ष क्लास सिक्स में 80 बच्चों का नया एडमिशन होना चाहिए, परंतु विद्यालय में पर्याप्त संख्या में छात्रावास (हॉस्टल) न होने के कारण मात्र 40 बच्चों का ही नया एडमिशन दोनों जनपदों में होता है ।

महोदया, आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी से अनुरोध है कि जिला श्रावस्ती एवं जिला बलरामपुर में जवाहर नवोदय विद्यालय में पर्याप्त संख्या में छात्रावास (हॉस्टल) का निर्माण कराया जाए, जिससे प्रतिवर्ष 80 बच्चों का दाखिला हो सके । वहीं श्रावस्ती एवं बलरामपुर में केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक एवं स्टाफ की कमी होने के कारण बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है । श्रावस्ती एवं बलरामपुर में केंद्रीय विद्यालयों में शिक्षक एवं स्टाफ की संख्या बढ़ाई जाए ।